Danik Bhaskar 27 june 2012

कृषि कीटों के बारे में पहले खुद एजुकेट होंगी खाप पंचायतें

आखिरी पंचायत में सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत सुनाएगी फैसला, महिला किसान भी बनेंगी गवाह, 109 कीटों की वकालत करेंगे किसान

भास्कर न्यूज़ | जींद

किसानों और कृषि कीटों का समझौता कराने के लिए आगे आई खाप पंचायतें पहले कीटों के बारे में खुद एजुकेट होंगी और हर सप्ताह निडाना में आयोजित होने वाली पंचायत में किसानों व कीटों का पक्ष कलमबद्ध करेंगी। 18 सप्ताह की पंचायत के बाद 19वें मंगलवार को सर्वजात सर्वखाप महापंचायत दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अहम फैसला सुनाएंगी। फैसले से पहले कीट साक्षरता केंद्र के किसानों द्वारा चिह्नित 109 कीटों के पक्ष में जागरूक किसान वकालत करेंगे। फैसले वाली महापंचायत की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि महिला खेत पाठशाला में हिस्सा लेने वाली महिला किसान भी कीटों के पक्ष में गवाही देने के लिए तत्पर दिखाई देंगी।

18 हजार करोड़ के पेस्टीसाइड बिक रहे हैं इंडिया में

मंगलवार को निडाना गांव के किसान जोगेंद्र के खेत में हुई खाप प्रतिनिधियों की पंचायत में पेस्टीसाइड को मानव जीवन के लिए घातक बताया गया। खाप नेताओं ने कहा कि आज के समय में कैंसर, हार्ट अटैक जैसी असाध्य बीमारियां फसलों में जहर के छिड़काव के कारण ही पैदा हो रही हैं। अच्छा खानपान वाले व्यक्ति के शरीर में खून की कमी होना इन्हीं का नतीजा है। कृषि विशेषज्ञ डा. सुरेंद्र दलाल ने बताया कि हर वर्ष देश में 18 हजार करोड़ के पेस्टीसाइड बेचे जाते हैं। इनमें से 55 प्रतिशत यूज कपास की फसल में किया जाता है। फसलों में अधिक स्प्रे करने से कीटों के साथ-साथ अन्य जीव जंतु भी लुप्त होते जा रहे हैं।

प्रो. संतोष दहिया को सम्मानित करते किसान।

▪ महाभारत की लड़ाई में 18 दिन में ही फैसला हुआ था। कृषि कीटों व किसानों की लड़ाई भी उससे कम नहीं है। इसलिए 18 मंगलवारों को पंचायतें आयोजित कर फैसला होगा।
कुलदीप ढांडा, संयोजक, सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत, हरियाणा।

कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ करेंगे सहयोग : कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ भी खाप पंचायतें अभियान चलाने वाली संस्थाओं व संगठनों का साथ देंगी। इसके लिए खाप पंचायतें लोगों को जागरूक कर बेटी बचाने का संदेश देंगे।

सर्वजातीय सर्वखाप महापंचायत हरियाणा महिला विंग की अध्यक्षा प्रो. संतोष दहिया ने इसके लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया हुआ है। उन्होंने कहा कि समाज में सामंजस्य बनाए रखने के लिए हमें हर हाल में बेटी बचानी होंगी। बीबीपुर गांव के सरपंच सुनील जागलान की मांग पर खाप प्रतिनिधियों ने कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

ये बोले प्रतिनिधि

▪ बुराइयों के खिलाफ हुंकार भरने वाली पंचायतें कृषि कीटों की रक्षा के लिए भी आगे आई हैं। कीटनाशकों ने हर व्यक्ति को बीमार कर दिया है।
प्रो. संतोष दहिया, अध्यक्षा महिला विंग, सर्वजात सर्वखाप महापंचायत हरियाणा।

▪ कीटनाशक के अंधाधुंध इस्तेमाल से फसल से पैदा अनाज बीमारियां फैला रहा है। कीटनाशक का असर फसल खाने के वक्त भी रहता है। खाप पंचायतें कीटों को मरने से बचाने का प्रयास कर देसी अनाज पैदा करने पर बल देंगी।
टेकराम कंडेला, प्रधान कंडेला खाप।